आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 19.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार ने एक राष्ट्र–एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशें स्वीकार कर लिया है।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बाल बचत के लिए एन.पी.एस.–वात्सल्य योजना शुरू की।
- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में विभिन्न परियोनजाओं में वास्तुशिल्पीय और डिज़ाइन सहयोग प्रदान करने के लिए द्वीप प्रशासन और दिल्ली विकास प्राधिकरण के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया गया है।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष दो हजार पच्चीस की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण शुरू हो गया है।
- ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई है।

<><><><><><><>

सरकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार करना भारतीय लोकतंत्र को और भी जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस प्रयास का नेतृत्व करने और विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की सराहना की।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में एन.पी.एस वात्सल्य योजना की शुरूआत की। केंद्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस में इसकी घोषणा की गई थी। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना में बच्चों के लिए बचत करने पर उच्च रिटर्न का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि एनपीएस योजना शुरु से ही अच्छा रिटर्न देती रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि माता–पिता और अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य में निवेश करने पर विचार करना चाहिए। एकीकृत पेंशन योजना –यूपीएस के बारे में श्रीमती सीतारामन ने कहा कि मंत्रिमंडल ने हाल ही में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए इसे मंजूरी दी है। यह योजना अगले वर्ष पहली अप्रैल से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि इसमें पुरानी पेंशन योजना और नई पेंशन योजना की प्रमुख विशेषताओं को शामिल किया गया हैं। यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है।

श्री विजयपुरम में भारतीय स्टेट बैंक में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया और द्वीपों के बीस से अधिक पंजीकृत बच्चों को एन पी एस वात्सल्य योजना कार्ड का वितरण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता ने बताया कि सालाना कम से कम एक हजार रूपये की राशि से शून्य से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अभिभावक या गार्जियन बैंक में खाता खुलवा सकते हैं।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में विभिन्न परियोनजाओं में वास्तुकार और डिज़ाइन सहयोग प्रदान करने के लिए द्वीप प्रशासन और दिल्ली विकास प्राधिकरण के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किया गया है। द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने डी डी ए के साथ कल राजनिवास में इस समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान स्वराज द्वीप बन्दरगाह क्षेत्र के पुर्नविकास परियोजना के संबंध में प्रस्तुति दी गई।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष दो हजार पच्चीस की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले नवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण कल से शुरू हो गया है। सीबीएसई की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण की अंतिम तिथि सोलह अक्टूबर है। सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय cbse.gov.in पर अपने छात्रों का पंजीकरण करवा सकते है। अधिसूचना में बताया गया है कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस सत्र में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में वे सभी छात्र परीक्षा दे सकेंगे, जिनका नाम और विवरण उनके स्कूलों की ओर से दाखिल करा दिया गया है। स्कूलों को छात्रों का विवरण दाखिल करने से पहले सीबीएसई पोर्टल पर खुद का भी पंजीकरण कराना होगा।

सीबीएसई ने कहा है कि स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि अनाधिकृत और असंबद्ध संस्थानों के छात्र उनकी स्कूल में नियमित कक्षाओं में भाग नहीं ले रहे हैं। बोर्ड ने यह भी कहा है कि छात्रों को सीबीएसई के अलावा किसी अन्य बोर्ड में पंजीकृत नहीं करवाया जा सकता। स्कूलों से कहा गया है कि छात्र का नाम, उसके माता–पिता या अभिभावक का नाम, विषयों के नाम और अन्य सूचना को सही तरीके से दाखिल करें।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में कल प्रशासन तथा नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज सुबह दस बजे राजभाषा विभाग के हिन्दी प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन के विभिन्न विभागों और कार्यालयों के बहु कार्य निष्पादन कर्मचारियों के लिए हिन्दी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते एम वी कैम्पबेल–बे की कल और बाईस सितम्बर की लिटिल अंडमान की यात्रा को स्थगित कर दी गई है। इस जलयान से यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने टिकट रद्द कर पैसे वापस लेने को कहा गया है। अब जलयान सिंधु कल रात्रि नौ बजे लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगी और अगले दिन सुबह दस बजे इसकी वापसी होगी। यही जलयान बाईस सितम्बर को सुबह सात बजे लिटिल अंडमान जाएगी और इसी दिन रात्रि नौ बजे श्री विजयपुरम के लिए इसकी वापसी होगी। इस यात्रा के लिए टिकट आज सुबह नौ बजे से स्टार्स टिकटिंग काउंटर से जारी किए जाएंगे। यात्री ऑनलाइन भी इस यात्रा के लिए टिकट बुक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत की गई है। पिछले दस वर्षों के दौरान इस द्वीपसमूह में करीब बीस हजार व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के अलावा साढ़े तीन सौ से अधिक सामुदायिक शौचालय परिसरों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा छब्बीस ठोस कचरा प्रबंधन कलस्टर स्थापित किए गए हैं। ग्रामीण विकास और पंचायती राज सचिव अर्जुन शर्मा ने इस अभियान का उद्घाटन किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कचरों को अलग–अलग करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ठोस कचरा प्रबंधन में सभी से सहयोग देने और द्वीपों को साफ–सुथरा तथा हरा–भरा बनाए रखने का अनुरोध किया। ग्रामीण विकास निदेशक ने राज्य स्तरीय योजना के बार में विस्तार से जानकारी दी। स्वच्छता ही सेवा शपथ भी दिलाई गई।

<><><><><><><>

अंडमान टेबल टेनिस कोचिंग अकादमी की ओर से अट्ठाईस सितम्बर से मजार पहाड़ के सामुदायिक हॉल में टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। पैंतालीस वर्ष से अधिक उम्र के पुरूष तथा पुरूषों के लिए ओपन श्रेणी में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी सत्ताईस सितम्बर तक अपने नाम दर्ज करा सकते हैं। एकल प्रतियोगिता के तीन सौ रूपये, और युगल प्रतियोगिता के छः सौ रूपये प्रवेश शुल्क रखा गया है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा एन. पी. एस. वात्सल्य योजना की शुरूआत करने और द्वीपों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ होने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बडी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने इन खबरों के अलावा द्वीपों में चार विशेष दत्तक ग्रहण एजेन्सियां स्थापित होने के समाचार को अंतिम पन्ने में जगह दी है। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से विश्व ओज़ोन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है, जबकि भारत और बांगलादेश के बीच दो टेस्ट मैचों के सीरीज का आज से आगाज होने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>